# कार्यालय नगर परिषद कैमोर, जिला कटनी (म0प्र0)

फोन नं 07626.272353 ईमेल – cmokemore@mpurban.gov.in

क्र0 127 /PWD/NP/2026 कैमोर, दिनांक – 21.04.2026

## //ई–निविदा आमंत्रण सूचना//

नगर परिषद कैमोर जिला कटनी को विकास कार्यो के लिये वाहन क्रय हेतु वाहन निर्माता/विक्रेताओं से निर्धारित प्रपत्र में आईटम रेट अनुसार, ऑन–लाईन ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नुनसार निविदा आमंत्रित करती है–

| ई0 निविदा क्र0 | कार्य का नाम | प्राकलन राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_499967_1 | Providing and Supplying Mini Excavator Having Minimum Operating Weight 3.5 Town at Kemore, Katni | 28,00,000/– | 56,000/– | 5,000/– | निर्माता/विक्रेताओं | 05 दिन |
| 2026_UAD_499969_1 | Providing and Supplying Self Propelled Ride On Road Sweeper Machine at Kemore, Katni | 18,00,000/– | 36,000/– | 2,000/– | निर्माता/विक्रेताओं | 05 दिन |

शर्तेः– 1– निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगी ।

2– ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक **22/04/2026 से 25/05/2026 सायं 5:30 बजे** तक है ।

3– ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि **25/05/2026 सायं 5:30 बजे** तक है ।

4–. अमानत राशि की ऑनलाईन रिसिप्ट व निविदा अनुसार समस्त दस्तावेज की हार्ड कापी केवल ऑनलाईन मान्य की जावेगी । निविदा दिनांक **27/05/2026 समय 11:00** से खोली जावेगी ।

5– टेण्डर फार्म–ए में निविदाकार को निम्नलिखित दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा –
(अ) अमानत राशि (EMD) (ब) निर्धारित शपथ पत्र (Affidavit) (स) पेन नम्बर एवं जी.एस.टी. नं.।

6– सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी ।

7– टेण्डर फार्म में अमानत राशि के साथ अन्य दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा ।

8– निविदा के समस्त अधिकार नगर परिषद कैमोर के पास सुरक्षित होगें।

9– निविदाकार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग/शासन के समस्त नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा ।

10– निविदा प्रपत्र अनुबंध का एक भाग होगा एवं ऐसी अन्य समस्त नियम एवं शर्तें तथा किसी भी विवाद की स्थिति में जो की उल्लेखित नहीं है के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश/दिशा निर्देश अंतिम एवं मान्य होंगे ।

11– निविदा दर स्वीकृती उपरांत अनुबंध सूचना जारी करने के 15 दिवस भीतर संपूर्ण स्वीकृत राशि निकाय को कोश में जमा करना अनिवार्य होगा।

12– वाहन रजिस्ट्रेशन/बीमा नगर पालिका परिषद के नाम से कराकर प्रस्तुत किया जाना होगा।

13– विगत वित्तीय वर्ष भुगतान किये गये सर्विस टैक्स जमा करने वाले रिर्टन की प्रति संलग्न की जावे।

14– निविदा पर निविदाकार के हस्ताक्षर न होने के स्थिति में निविदा अमान्य होगी।

15– निविदाकार को निविदा दरें समस्त टैक्स एवं जी.एस.टी. सहित प्रस्तुत करना होगा इसके अतिरिक्त कोई भुगतान नही किया जावेगा।

16– निविदाकार को संबंधित मशीन निर्माता (OEM) का अधिकृत डीलर/डिस्ट्रिब्यूटर होना अनिवार्य होगा एवं इसका प्रमाण पत्र (Authorization Certificate) संलग्न करना होगा।

17– प्रदाय की जाने वाली मशीन निर्धारित तकनीकी मापदंडों (जैसे Operating Weight, Engine Power, Bucket Capacity आदि) के अनुरूप होना अनिवार्य होगा। निम्न स्तर की मशीन स्वीकार्य नहीं होगी।

18– मशीन की न्यूनतम 12 माह की वारंटी अनिवार्य होगी, जिसमें सभी प्रकार की मरम्मत एवं पार्ट्स प्रतिस्थापन सम्मिलित रहेगा।

19– मशीन की सप्लाई के पश्चात विभाग द्वारा परीक्षण (Trial Run) किया जाएगा तथा संतोषजनक पाए जाने पर ही मशीन को स्वीकृत किया जाएगा।

20– निविदाकार को मशीन की सप्लाई आदेश प्राप्त होने के 30 दिवस के भीतर प्रदाय करना होगा। विलंब होने पर 0.5% प्रति सप्ताह (अधिकतम 10%) की दर से दण्ड (LD) लागू किया जाएगा।

21– सफल निविदाकार को कार्यादेश जारी होने पर कुल लागत का 5% परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जमा करना अनिवार्य होगा।

22– मशीन हेतु आवश्यक स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता न्यूनतम 5 वर्षों तक सुनिश्चित करना होगा।

23– निविदाकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेवा/मरम्मत हेतु 48 घंटे के भीतर तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी ।

24– भुगतान की शर्ते इस प्रकार होंगी - 90% राशि सप्लाई के पश्चात एवं शेष 10% राशि सफल परीक्षण उपरांत देय होगी।

25– यदि कोई निविदाकार शासकीय विभाग/संस्था द्वारा ब्लैकलिस्टेड पाया जाता है तो उसकी निविदा निरस्त की जाएगी।

26– निविदाकार द्वारा पूर्व में समान प्रकार की मशीन सप्लाई का अनुभव होना चाहिए एवं इसके प्रमाण स्वरूप कार्यादेश/पूर्णता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

Scanned with OKEN Scanner

27– निविदा में किया गया कोई भी संशोधन उक्त वेवसाईट पर किया जायेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन समाचार पत्रों में नही किया जायेगा। अतः संबंधित जानकारी उक्त वेवसाईट पर देखी जाये। निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यलयीन समय में संबंधित शाखा में देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदा सूचना विभाग की वेवसाईट उचजमदकमतेण्हवअण्पद पर देखी जा सकती है।

अध्यक्ष
नगर परिषद् कैमोर

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद् कैमोर
नगर परिषद् कैमोर
जिला कटनी (म०प्र०)

पृष्ठा. कमांक 128 अ/2026

कैमोर दिनांक – 21/04/2026

प्रतिलिपि –

1– अध्यक्ष/उपाध्यक्ष महोदाय नगर पालिका परिषद कैमोर को सूचनार्थ हेतु ।

2– कार्यालय नगर पालिका परिषद कैमोर के सूचना पटल पर चस्पा हेतु ।

3– दैनिक समाचार पत्र.................................................में उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन कम से कम स्थान एवं कम दर पर, प्रकाशित विज्ञापन की मूलप्रति बिल के साथ भुगतान हेतु प्रस्तुत करें ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद् कैमोर
नगर परिषद् कैमोर
जिला कटनी (म०प्र०)

Signature Not Verified
Digitally signed by MANISH KUMAR PARTE
Date: 2026.04.22 16:25:37 IST
Location: Madhya Pradesh-MP

Scanned with OKEN Scanner